Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006

Participants : Singh Shri Manvendra

an>

Title : Need to expedite rural electrification in Mathura Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

कुँवर मानवेन्द्र सिंह (मथुरा) : माननीय प्रधान मंत्री द्वारा घोति राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना उत्तर प्रदेश में बहुत धीमी गति से चल रही है। इस योजना को प्रभावी होने के बाद के करीब 6 महीनों में महज 1911 गांवों का ही ि वद्युतीकरण किया जा सका है, जबकि मथुरा संसदीय क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत अभी तक कोई काम शुरू नहीं किया गया है। यह स्थिति तब है जबकि इस कार्य में में उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन व पॉवरग्रिड कारपोरेशन के अलावा निजी क्षेत्र की करीब एक दर्जन कम्पनियां लगी हुयी हैं, फिर भी इस ग्रामीण विद्युतीकरण का काम कछुआ चाल से चल रहा है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश में मथुरा के अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों को इस योजना के अंतर्गत सम्मिलित कर अतिशीघ्र विद्युतीकरण करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार को यथाशीघ्र निर्देश जारी करने की ृंपा करें।